फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री सुरेन्द्र काठात पिता श्री बीरम काठात निवासी शेखावास,तह0 भीम राजसमन्द —अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द — प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 73/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.02.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020/1107–08 दिनांक 28.12.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस अनुभाग को 10.08.2020 को प्राप्त हुआ हैं। आरटीआई आवेदन से चाही गई सूचना इस कार्यालय की नही होकर तहसील कार्यालय भीम की होने से मूल प्रार्थना पत्र जरिये पत्रांक प.1( )सू0अ0,05/2020/613 – 14 दिनांक 10.08.2020 से सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(I)(II) के तहत तहसीलदार भीम को अंतरण कर प्रेषित करते हुए प्रार्थी को सूचित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम के पत्रांक 1007 दिनांक 09.02.2021 से अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी गई हैं लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द व लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती हैं। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)